### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों व चेकपोस्ट नाके का किया निरीक्षण

## सतर्कता व गंभीरता से कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के तहत गुरूवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के साथ विलायतकला जांच नाका एवं बड़वारा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर मतदान केन्द्रों के नोडल अधिकारी, तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों में मतदान के पूर्व पानी, बिजली प्रसाधन और रैम्प सहित मतदाताओं को प्रदाय की जाने वाली आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का प्रबंध करनें के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री प्रसाद ने बुजुर्गो एवं दिव्यांगों को दृष्टिगत रखते हुए रैंप, उपकरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के साथ- साथ कम्यूनिकेशन प्लान दुरूस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पडनें पर समस्या का त्वरित समाधान कराया जा सके।

#### प्रत्येक वाहन की बारीकी से करें जांच

कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा निरीक्षण के दौरान विलायतकला में बनाये गए एस.एस.टी चेक पोस्ट, का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात एसएसटी टीम को निर्देश दिये कि सोंपे गए कार्य-दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वाहनों की जांच सूक्ष्मता के साथ की जाये। निरीक्षण के दौरान चेकपोस्ट में दायित्वों का निर्वहन कर रहे एसएसटी टीम के सदस्यों के द्वारा की गई कार्यवाहियों एवं जांच की जानकारी ली तथा दस्तावेजों का अवलोकन किया। इस अवसर पर अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





#### बेंच में पीछे बैठकर प्रशिक्षण कार्य का लिया जायजा

भ्रमण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रसाद शासकीय महाविद्यालय बड़वारा पहुंचकर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये गठित मतदान दल के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रदाय किये जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर अवि प्रसाद नें सभी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और और यहां दी जा रही हर जानकारी को ध्यान से सुनकर दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता, गंभीरता और जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिय। इस दौरान खुद कलेक्टर अवि प्रसाद ने बेंच में प्रशिक्षार्णियों के साथ खुद पीछे बैठकर मतदान शुरू कराने के पूर्व की जाने वाली मॉकपोल प्रक्रिया की जानकारी को बडे. ध्यान से सुना। कलेक्टर श्री प्रसाद शासकीय माध्यमिक शाला मतदान केन्द्र क्रमांक 453 विलायतकला, शासकीय प्राथमिक शाला रमगढ़ा मतदान केन्द्र क्रमांक 44, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला बड़वारा मतदान केन्द्र क्रमांक 75 और शासकीय बालक प्राथमिक शाला मतदान केन्द्र क्रमांक 76 बड़वारा सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट वार्ड खिरहनी और नवीन माध्यमिक शाला भवन एन.के.जे स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 147 , 155 और 145 की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

### खबर संक्षेप

#### लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने शुरू की कवायद

**कटनी।** मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान का प्रतिशत में वृद्धि किये जाने तथा मतदाताओ में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देश के परिपालन में विगत दिवस लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता अभियान के स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत शहर के फ्लाईओवर ब्रिज की बाउंड्रीवॉल पर मतदाता जागरूकता स्लोगन लेखन कार्य कराया गया। जिससे इन स्लोगन के माध्यम से छात्र छात्राएं अपने परिवार आसपास क्षेत्रों एवं समाज के अन्य लोगों को वोटर बनने हेतु तथा निर्वाचन में मतदान करने के लिए जागरुक करते हुए लोकतंत्र का महत्व समझ सकें। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्धेनजर रखते हुए शहर में विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। ताकि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग लोकसभा निर्वाचन के दौरान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान कर सकें।

#### जिला पंचायत कटनी प्रदेश में पांचवें पायदान पर

**कटनी।** एक बार फिर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश स्तर पर जिला पंचायत कटनी को ए ग्रेड के साथ पांचवा पायदान हासिल हुआ है। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत प्रति दिवस की जा रही सतत निगरानी और निर्देशों के फलस्वरुप जिला पंचायत कटनी ने 20 मार्च की स्थिति में माह फरवरी में प्राप्त 834 शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण 83.78 कुल वेटेज स्कोर के साथ किया है। जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने सीएम हेल्पलाइन का कार्य देख रहे अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु शाबाशी देते हुए उनकी पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन 181 में दर्ज शिकायतो का निराकरण तत्परता पूर्वक शिकायतकर्ता से संवाद करते हुए करें। नागरिकों को राहत और इस सेवा का लाभ देना हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

#### खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध के निर्देश

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने 21 मार्च को निगम में बैठक आयोजित कर खुले में मांस मछली विक्रय पर प्रतिबंध व रोकथाम लगाये जाने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान निगम आयुक्त श्री शुक्ल द्वारा सफाई व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हुये निगम के सभी स्वच्छता निरीक्षकों को शहर के खुले में मांस मछली विक्रय करने वाले दुकानदारों का सख्ती से जुर्माना करते हुये दुकान बंद कराने निगम क्षेत्र के मतदान केन्द्रों की विशेष साफ.सफाई कराने रात्रि कालीन सफाई भी समय पर कराये जाने सभी सफाई कर्मचारियों को यूनिफार्म में कर्तव्य पर उपस्थित होने एवं वार्ड के वंचित लोगों का समग्र में ई-केवाईसी कराये जाने के निर्देश दिये गये।

#### शिकायतों पर कार्यवाही कर प्रतिवेदन देनें नोडल अधिकारी शिकायत नियुक्त

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन संबंधी प्राप्त शिकायतों की जांच कर प्रतिवेदन निर्धारित समय सीमा में प्रेषित करनें हेतु नोड़ल अधिकारी नियुक्त करनें हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन द्वारा नगर निगम कार्यालय से संबंधित प्राप्त शिकायतों के संबंध मे समस्त आवश्यक कार्यवाही करनें एवं अनुमोदन उपरांत प्रतिवेदन प्रेषित करनें हेतु सुनील सिंह प्र.सहायक यंत्री को नोडल अधिकारी शिकायत नियुक्त किया जाकर शिकायतों का प्रतिवेदन कार्यालयीन तथा अवकाश दिवसों में प्रेषित करनें हेतु निर्देशित किया है।

## लापरवाही पर कार्यपालन यंत्री को नोटिस किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा लोकसभा निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन हेतु जोन क्रमांक 24 के नियुक्त सेक्टर अधिकारी संजय जैन, प्रभारी कार्यपालन यंत्री, कटनी विकास प्राधिकरण द्वारा निर्वाचन संबंधी दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतनें तथा स्वेच्छाचारिता प्रदर्शित होनें पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 03 दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर लिखित रूप स्पष्टीकरण प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित गया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद नें उक्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबन्द से प्राप्त जानकारी के आधार पर की है।

सेक्टर अधिकारी संजय जैन द्वारा शासकीय वाहन न होने एवं शासकीय वाहन उपलब्ध कराने पर ही जोन का भ्रमण कर चाही गई जानकारी का भौतिक सत्यापन करने के संबंध में जानकारी दिये जाने के कृत्य से लोकसभा निर्वाचन 2024 का कार्य अनावश्यक रूप से बाधित होने के कृत्य को मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 में वर्णित प्रावधानों के विपरीत मानते हुए स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

स्पष्टीकरण समय सीमा में प्राप्त न होने अथवा समाधानकारक न होने पर श्री जैन के विरूद्ध लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में वर्णित प्रावधान अनुसार एवं मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

#### शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश

**कटनी।** अपर कलेक्टर द्वारा उपखण्ड मजिस्ट्रेट उपखण्ड कटनी, विजयराघवगढत्र, बहारीबंद एवं ढीमरखेड़ा को मार्च एवं अप्रेल माह में मनाये जानें वाले होलिका दहन, होली, भाईदूज, ईद-उल-फितर, नवरात्रि बैठकी तथा जवारा विसर्जन पर्वो को मद्देनजर रखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरूओं, विशिष्टजनों से समन्वय कर शांति एवं कानून व्यवस्थाओ हेतु अपने स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करनें के निर्देश दिए है।

### मशीनों को विधानसभावार किया गया आवंटित

## ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों का पहले चरण का हुआ रेण्डमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के तय कार्यक्रम के अनुसार गुरवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय स्थित सभाकक्ष में ईव्हीएम की बैलट और कंट्रोल यूनिट एवं व्हीव्हीपेट मशीनों का पहले चरण का रेण्डमाइजेशन संपन्न हुआ । रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अवि प्रसाद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते एवं सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे ।

रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया एनआईसी के इंचार्ज ऑफिसर प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर ईएमएस 2.0 से संपन्न कराई । पहले चरण के रेण्डमाइजेशन में ईव्हीएम की कंट्रोल और बैलट यूनिट एवं व्हीव्हीपेट मशीनों को विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये ।

पहले चरण के रेण्डमाइजेशन के बाद इन मशीनों को अब कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन सदन के स्ट्रांग रूम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में रखा गया है। शुक्रवार 22 मार्च को ईवीएम, बैलेट यूनिट और वीवीपैट को निर्वाचन सदन से कृषि उपज मंडी पहरूआ स्थित अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के बने स्ट्रांग रूम में शिफ्ट किया जायेगा ।



#### डियुटी में उपस्थित नहीं होने पर होगी कार्यवाही

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नें समस्त विभाग प्रमुखों, नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों तथा लोकसभा निर्वाचन में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम के कॉल रिसीव नहीं किये जाने तथा चुनाव डियुटी में उपस्थित न होनें की दिशा में अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किये जानें के निर्देश दिए है। कंट्रोल रूम से संपर्क किये जाने पर कॉल रिसीन न होने के कारण महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान प्रदान नहीं हो पर रहा है।

### गोरैया को बचाने विद्यार्थियों को किया प्रेरित



विश्व गौरैया दिवस पर गौरैया के संरक्षण और उसके प्रति जागरुकता हेतु मनाया जाता है। शिकागो पब्लिक स्कूल में उसे बचाने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला के संचालक पक्षीविद मोहन नागवानी ने बताया कि घरों के पास पाया जाने वाला छोटे आकार का पक्षी है जो दीवारों, खपरैलों, शेड़, खलिहान आदि मे अपना घोसला बनाती है। जो समूहों मे रहकर प्राकृतिक रुप से अनाज के दानों, कीड़े, मकोड़ो घास के बीजों को खाते है। आजकल इनके भोजन की प्राकृतिक रुप मे कमी आने से इनकी संख्या मे कमी देखी जा रही है। इनके संरक्षण की नितांत आवश्यकता है। श्री नागवानी ने छात्रों को गौरैया को बचाने, उसे संरक्षित करने के लिए प्ररित करते हुए उन्हें पानी व भोजन रखने का आवाह्न किया।

## जिला चिकित्सालय में घंटों बिजली रही बंद, परेशान होते रहे मरीज व परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला अस्पताल में गुरूवार को बिजली गुल होने के कारण घंटो तक मरीज व उसके परिजन परेशान होते नजर आए। बताया जाता है की दोपहर में करीब तीन घंटे तक बिजली गुल होने के कारण जहां मरीज परेशान थे वहीं ब्लड बैंक के बाहर ब्लड लेने वालों की भी कतार लगी रही। अस्पताल में दाखिल मरीज व उसके परिजनों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर 3 घंटे तक अस्पताल की बिजली बंद रही। कहने को तो शासकीय जिला अस्पताल में जनरेटर की सुविधा उपलब्ध है लेकिन बिजली बंद होने के दौरान जनरेटर चलाया ही नहीं गया। जनरेटर काम करने के लायक है भी या नहीं इस बात का जवाब देने के लिए भी कोई तैयार नहीं था। मरीज व उसके परिजन परेशानी का सामना करते रहे। बताया जाता है की लाइट बंद होने के कारण ब्लड बैंक द्वारा जरूरतमंद मरीजों के परिजनों को ब्लड भी प्रदान नहीं किया जा रहा था। ब्लड बैंक के बाहर घंटे तक इंतजार में बैठे मरीज के परिजन लाइट आने की राह देखते रहे। जिला अस्पताल में व्याप्त छोटी-छोटी समस्याओं को भी दूर कर पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं जिसका खामियाजा मरीज को भुगतना पड़ता है।



### रासेयो के सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

## रैली, नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को मतदान के लिए किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मंगेली गांव में चल रहे विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान शासकीय महाविद्यालय उमरियापान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली।

स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को जागरूक किया।इसके बाद स्वयंसेवकों ने मंगेली गांव में घर घर पहुँचकर सर्वे कार्य किया। कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा चौरसिया ने बताया कि इसके बाद देरशाम कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता और फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

सिलौंडी शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अतरसूमा गांव में आयोजित किया गया। सात दिनों तक स्वयंसेवकों ने तमाम जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया।शाला प्रभारी जीवन लाल बागरी के मुख्य आतिथ्य और प्राचार्य रतिराम अहिरवार की अध्यक्षता में शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया।



#### अनुभव किये साझा

कार्यक्रम अधिकारी डॉ.लक्ष्मी प्रसाद बागरी ने शिविर और कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी। समापन समारोह के दौरान स्वयंसेवकों ने अपने अनुभवों को साझा किया साथ ही अनेकों गतिविधियों में हिस्सा लिया।

इस मौके पर ड़ॉ.रविता सिंह,रश्मि सिंह,डॉ.अंकुर ओमर, चंदन यादव,हेमंत चौरसिया,नवीन कलबंधे,डॉ. नीता मिश्रा,डॉ.सुदीप जाना, पंकज मिश्रा,भूपेंद्र शुक्ला, रोहिणी प्रसाद राय के अलावा महाविद्यालय स्टाफ, स्वयंसेवकों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### जिपं सीईओ ने विकासखंड रीठी के ग्राम उमरिया में दिलाई मतदाता शपथ

## जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध मतदाताओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदाता प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदान करने मतदाताओं को जागरूक करने की दृष्टि से जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री शिशिर गेमावत के निर्देश पर विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 26 अप्रैल को जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने ग्रामीण क्षेत्र उमरिया ग्राम पहुंचकर गतिविधियों को नजदीक से देखा और परखा। इस दौरान उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आप सभी मतदाता अपने मतदान केंद्र पर मतदान करने घर से बाहर निकले और मतदान करें। इस आशय की अपील जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने गुरुवार को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत उमरिया में, स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित आयोजित वृद्ध मतदाताओं के सम्मान समारोह में कही।

जिला पंचायत सीईओ गेमावत ने ग्राम पंचायत भवन उमरिया में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में वृद्ध मतदाताओं रामखेलावन, राधाबाई, प्रेमलाल हीरालाल, कलीबाई, चमेली बाई और विजय नामदेव का शाल, श्रीफल और पुष्पमालाओं से सम्मान किया और मतदान दिवस के दिन मतदान करने का आग्रह किया। जनपद के सीईओ श्री चंदू लाल पनिका और एपीओ मृगेंद्र सिंह ने भी वृद्ध मतदाताओं का सम्मान किया।



श्री गेमावत ने कार्यक्रम में उपस्थित वृद्ध मतदाताओं, युवाओं और महिलाओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को हर वर्ग के मतदाता घर से बाहर निकाल कर मतदान केंद्र पहुंचे और वोट करें। उन्होंने आगे कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र की परंपराओं के लिए हमारा एक वोट अत्यंत कीमती है।

#### पानी और बिजली की समस्याएं सुनी

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों द्वारा बिजली और पानी से संबंधित शिकायत में सुनी। उन्होंने मौके पर ही दूरभाष पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्परतापूर्वक निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ चंदूलाल पानिका, परियोजना अधिकारी मनरेगा ऋषिराज चढ़ार, सहायक परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह, एपीओ मनरेगा भागीरथ पटेल सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

## पेयजल समस्या के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रीष्मकाल में सम्भावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्पों के खराब होने और भू-जल स्तर में गिरावट से हुई पेयजल की समस्या के सतत निगरानी हेतु विगत दिवस जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07622-225752 है।

ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या ना हो और खराब होने वाले हैण्डपम्प व नलजल योजनाओं के सुधार कार्य कर पानी की समस्या को दूर किये जाने के लिये विभाग द्वारा खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यदि पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है तो उपखण्ड कटनी के विकासखण्ड कटनी, रीठी में मयूरी गुप्ता, उपयंत्री साथ ही सहायक यंत्री से सम्पर्क कर निराकरण कराया जा सकता है।

#### जिले में विकासखंडवार सौपे गए कार्य दायित्व

जबकि उपखण्ड विजयराघवगढ़ में विकासखण्ड बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ में सहायक यंत्री से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है। उपखण्ड स्लीमनाबाद के विकासखण्ड बहोरीबंद में अनिल चुमलके, उपयंत्री एवं विकासखण्ड ढीमरखेड़ा में बद्री प्रसाद चक्रवर्ती, उपयंत्री के साथ ही सहायक यंत्री से संपर्क कर शिकायत का निराकरण कराया जा सकता है एवं जिले की शिकायत हेतु कार्यपालन यंत्री खण्ड कटनी एवं जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम 07622-225752 में सम्पर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विभिन्न विभागों में पदस्थ कर्मचारियों को शासकीय कार्यो का संपादन और भी बेहतर तरीके से करने व योजनाओं का सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोक सेवकों को समय-सीमा की बैठक के दौरान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करने का नवाचार किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा प्रारंभ किये गए नवाचार के अंतर्गत बुधवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा के बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सहायक प्रबंधक जे.पी. हिराउ सहित लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के दौरान नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने के कार्य में उत्कृष्ट काये करने वाली महिला बाल विकास की बी.एल.ओ पूजा देवी, साधना बर्मन सहित चुन्नूलाल साहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा तालियां बजाकर इनके द्वारा किये गए कार्यो की सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि बी.एल.ओ पूजा देवी द्वारा 49 नवीन मतदाताओं का नाम जोडनें, साधना बर्मन द्वारा 30 नवीन मतदाताओं का नाम जोडने सहित चुन्नूलाल साहू द्वारा 44 नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने का कार्य किया गया है।

### शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी

**कटनी।** शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए निर्वाचन की अधिसूचना बुधवार 20 मार्च को जारी कर दी गई है। कटनी जिले का विधानसभा क्षेत्र बड़वारा शहडोल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन पत्र अनूपपुर में जिला रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर अनूपपुर के कार्यालय में दाखिल किए जाएगें। नाम निर्देशन पत्र बुधवार 27 मार्च तक सार्वजनिक अवकाश को छोडकर किसी भी दिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच दाखिल किये जा सकेंगे। नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कक्ष अनूपपुर मे गुरूवार 28 मार्च को संवीक्षा की जायेगी। इसी प्रकार अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की तारीख शनिवार 30 मार्च को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। शहडोल संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन हेतु मतदान शुक्रवार 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

### वाहनों के काटे चालान, बुलेट बाइक किया जब्त

**कटनी।** यातायात पुलिस ने थाना तिराहा पर चेकिंग के दौरान शहर में बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर दहशत फैलाने वाले बाइक सवार पर कार्रवाई करते हुए 01 बुलेट बाइक जब्त की हैं। तेज आवाज में बुलेट के साइलेंसर से पटाखे की आवाज निकालने वाली रॉयल एनफील्ड बाइक क्रमांक MP21MH3214 पर सवार चालक हर्षेद्र रजक पिता ओमप्रकाश रजक उम्र 32 वर्ष निवासी आजाद चौक कटनी के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। बुलेट बाइक को मोटर वाहन अधिनियम धारा 120/190(2), 146/196 के तहत जब्त किया है। यातायात पुलिस ने कारों पर लगी काली फिल्म को उतरवाया तथा वाहनों के चालान भी काटे।

### मतदान जागरूकता के लिए निकाली वाहन रैली

**कटनी।** मतदान के प्रति नागरिकों में जागरूकता फैलाने हेतु जिला पुलिस बल के द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया सहित जिले के थाना प्रभारियों से लेकर आरक्षक रैली में शामिल हुए। यह रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से होकर कटनी के प्रमुख चौराहा, बाजारों से होकर गुजरी । वाहन रैली का आगाज पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि इस रैली का उद्देश्य घर-घर में मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश देना है। पुलिस कप्तान ने कहा लोकसभा निर्वाचन देश का पर्व है एवं हर मतदाता के लिए यह बहुत ही गर्व का अवसर है। इस लोकतांत्रिक यज्ञ में निष्पक्ष निर्भीक होकर मतदान की आहुति दें एवं देश के विकास में अपना योगदान दें।

### रंग गुलाल, पिचकारी व कपड़ा दुकानों में खरीदारी करने उमड़ रही भीड़

# होली पर्व के लिए सज गया बाजार धुरेड़ी के लिए अभी 3 दिन इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रंगों का महापर्व होली के लिए अब महज तीन दिन का ही समय शेष है। 25 मार्च को धुरेड़ी का पर्व मनाया जाएगा। एक दिन पूर्व 24 मार्च को होलिका दहन होगा। त्यौहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। इस वर्ष परीक्षाएं पूरी हो जाने के चलते बच्चे भी उत्साहित नजर आ रहे हैं। बाजार भी पूरी तरह से सज चुका है। दुकानों पर रंग, गुलाल और पिचकारी सज चुकी हैं। बच्चे हो या बड़े सब खरीदारी करने के लिए बाजारों में निकल रहे हैं। होली पर लोग अनोखी टोपियां और मुखौटे भी पहनते हैं।

इस साल रंगों का त्योहार मार्च के आखिरी ही सप्ताह में मनाया जाएगा। इसको लेकर बाजार में तैयारियां और रौनक बढ़ने लगी है। पर्व को लेकर उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रंग गुलाल की दुकानों लोग उमड़ रहे हैं। लोग साधारण और केमिकल युक्त गुलाल की जगह पर बिना केमिकल का नेचुरल गुलाल अधिक खरीद रहे हैं। पिचकारियों की बात करें तो दुकानों पर मिल रही कई प्रकार की पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस बार होली को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है।

बाजार में होली के रंग बिखरने लगे हैं। खरीदारी को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। दुकानों पर एक से बढ़कर एक नए-नए उत्पाद उपलब्ध है। बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर पिचकारियों की डिमांड भी कुछ कम नहीं है। दुकानों पर रंगों और गुलाल के साथ-साथ गिफ्ट पैक भी बिक रहे हैं। इस बार बच्चों के लिए अलग-अलग तरह की पिचकारियां दुकानों पर सजी हुई है। नए-नए डिजाइन के आइटम लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए है।

होली पर्व में रंगों के साथ साथ पकवानों का खूब लुत्फ उठाया जाता है। नगर के तमाम मिष्ठान दुकानों में तरह-तरह के नमकीन और मिठाईयों की खरीदी भी शुरू हो गई है। बाजार में एक ओर जहां पिचकारी व रंगों से दुकान की शोभा बढ़ाई जा रही है वहीं दूसरी तरफ महिला-पुरुषों की भीड़ शहर के मॉल्स से लेकर कपड़ों और मिठाई की दुकानों पर देखी गई।

#### व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने निर्देश

लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने व होली पर्व में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें भी आयोजित की गई। साथ ही संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती रहेगी। त्यौहार के दौरान आकस्मिक स्थिति के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में 24 घण्टे एक डाक्टर मय स्टाफ कर्मचारी तथा दवाईयों की किट अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने निर्देश दिये गये हैं।



## अवैध गतिविधियों पर नजर रखने बसों व यात्रियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस बल के द्वारा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष सक्रियता बरती जा रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा के द्वारा प्रियदर्शनी बस स्टैंड में बसों की जांच का अभियान चलाया जा रहा है। जांच कार्यवाही के दौरान न केवल बसों के दस्तावेज चेक किए जा रहे हैं बल्कि उसमें मौजूद यात्रियों के समान के साथ ही उनके पहचान पत्र की भी जांच की जा रही है।

जानकारी देते हुए बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव एवं आगामी त्यौहार होली तथा रमजान शरीफ को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी को विशेष सतर्कता बरतते हुए आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी बात को लेकर बस स्टैंड से किसी भी तरह की अपराधिक गतिविधियों या अनैतिक सामग्री का परिवहन ना हो सके इस पर अंकुश लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिन बस चालकों के द्वारा आवश्यक दस्तावेज बसों में नहीं रखे गए हैं उनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है।

साथ ही जांच करते हुए यह भी देखा जा रहा है कि बसों से किसी भी तरह की मादक पदार्थो सहित अन्य कोई आपराधिक गतिविधियां संचालित ना हो सके और परिवहन ना किया जा सके।

### मतदान दलों के सभी सदस्य दायित्वों का करें निर्वहन

## मतदाता जागरूकता प्रशिक्षण को अत्यंत गंभीरता पूर्वक ग्रहण करने समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी लोकसभा 2024 के निर्वाचन में आपको महत्वपूर्ण दायित्वों के निर्वहन हेतु मतदान केंद्रों में जाना होगा इसके लिए आप सौंपे गए दायित्वों और कर्तव्यों के निर्वहन हेतु गंभीरता पूर्वक अत्यंत संजीदगी से प्रशिक्षण को ग्रहण करें। गुरुवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रीठी में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता और आवश्यक सुधार हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं इसलिए इस अवसर को नहीं गवाएं।

जिज्ञासा और प्रश्नों का समाधान पूछे

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से सीईओ श्री गेमावत ने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है इसमें निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप बेहतरीन तरीके से सौंप गए कार्यों को निष्पादित करना है इसलिए किसी भी जिज्ञासा या प्रश्नों को दबाएं नहीं बल्कि पूछ कर उनका समाधान जाने ताकि मतदान केदो में किसी भी प्रकार की सुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान उन्होंने पिछले चुनाव एवं वर्तमान चुनाव प्रणाली और प्रक्रिया के संबंध में अंतर के विषय में जानकारी ली। निर्वाचन के दौरान महिला मतदान कर्मियों को होने वाली समस्याओं के संबंध में भी पूछा।

#### प्रशिक्षण को बैठकर सुना और देखा

श्री गेमावत ने आयोजित प्रशिक्षण सत्र में पहुंचकर बैठकर प्रशिक्षक संजय गौतम द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को सुना और देखा। उल्लेखनीय की उत्कृष्ट विद्यालय के कक्ष क्रमांक 1,2 और 3 में दोनों पालियों में मतदाता जागरूकता प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

#### साझा किए अनुभव, हौसला बढ़ाया

सीईओ श्री गेमावत ने प्रशिक्षण लेने आए हुए अधिकारी कर्मचारियों से उनके पिछले अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि आप लोगों द्वारा प्राप्त अनुभव की जानकारी होने से फीडबैक मिलता है और इससे आवश्यक सुधार किए जा सकते हैं। मनोज शुक्ला और रेखा तिवारी ने विगत निर्वाचन के अनुभवों को शेयर किया। रेखा तिवारी ने कहा कि जिला पंचायत के सीईओ सर ने हमारे अनुभव जानकर और प्रोत्साहित कर हमारे हौसले को बढ़ाया है। हम लोग और भी बेहतर तरीके से निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराएंगे।

सीईओ श्री गेमावत ने उदयभान के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर एक दिन के वेतन कटौती के निर्देश अधिकारियों को दिए।

#### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान निर्वाचन प्रशिक्षण प्रभारी डी के पासी, जनपद पंचायत के सीईओ चंदूलाल पनिका, अभय कुमार जैन, सहायक परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने किया ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा बुधवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन पर्यवेक्षक रवि बडगैया, ई गवर्नेस जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव, सहित निर्वाचन शाखा के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन संबंधी कार्यो का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच की और नियंत्रण कक्ष पहुंचकर वीडियो फुटेज का जायजा लिया तथा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

## चेकिंग के दौरान पुलिस ने 6 किलो से अधिक चांदी के जेवरात किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ढीमरखेड़ा पुलिस ने बीती देर रात वाहनों की जांच करते हुए एक कार चालक को चांदियों के जेवर का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। जबलपुर निवासी कार चालक के पास से पुलिस ने लगभग साढे चार लाख रुपए के चांदी के जेवर जप्त किए हैं। पुलिस के द्वारा जप्त की गई चांदी के संबंध में दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चेकिंग अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अति. पुलिस अधि. संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा थाना स्टाफ के द्वारा बाँध मोड पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की कार क्र. MP 20 ch 9590 को रोक कर चेक किया गया। वाहन चालक रविंद्र अग्रवाल निवासी हनुमान ताल जबलपुर के कब्जे से कपडे के थैले मे रखी 6 किलो 315 ग्राम चांदी के आभूषण कीमती 4.5 लाख के बरामद हुए, जिस पर विधिवत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव को देखते हुए जांच कार्यवाही का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

### स्वीप अभियान के तहत किया गया जागरूकता आयोजन

## आदर्श आचार संहिता एवं सी विजिल ऐप से संबंधित जानकारी देकर किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयसेवकों द्वारा स्वीप अभियान के अंतर्गत प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व मे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं सी-विजिल ऐप से संबंधित आवश्यक जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर सहभागिता की गई। स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा



आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन से संबंधित गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सी-विजिल ऐप जारी किया गया है जिसके जरिये कोई भी नागरिक आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी सी-विजिल ऐप के माध्यम से देकर शिकायत कर सकता हैं, जिसमें 100 मिनट के अंदर हर शिकायत पर तुरंत कार्यवाही होगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों से अपने मोबाइल में एप डाउनलोड करने और पंजीयन से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई एवं सभी से सतर्क रहकर जिम्मेदारी नागरिक होने, लोकतंत्र को मजबूत और सफल बनाने में अपनी सहभागिता करने की अपील कर एप का दुरुपयोग नहीं करने के लिए निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों तक स्वयं पहुंचकर मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करने की अपील की गई जिससे कि शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त को प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, स्वीप प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ आर जी सिंह, डॉ के के निगम, डॉ राकेश दुबे, दीपक मिश्रा, नितिन दुबे, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ रूपा शर्मा, पवन दुबे, सौरभ सिंह, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, कृष्णपाल सिंह, सोनम पाण्डे, सुश्री संतोषी तिवारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, एच एस वाजपेई, चंद्रभान विश्वकर्मा, आशीष तिवारी, अजय सेन, तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

### ढीमरखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत सिलौड़ी का मामला

## सरपंच पति का पंचायत के कामकाज में दखल पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सरकार की महिला सशक्तिकरण की मंशा पर अनदेखी का पलीता लग रहा है। दरअसल पंचायतों में हो या फिर वार्डो में जहां कहीं महिला जनप्रतिनिधि का चुनाव होता है वहां पर महिला से ज्यादा उनके पति का राज चलता है। मसलन बैठकों में शामिल होना, निर्माण कार्यो का निरीक्षण, लोगों की समस्याओं का सुनना इत्यादि। इतना ही नहीं कई बार तो यहां तक आरोप लगते हैं कि मसलों में अनावश्यक हस्तक्षेप भी किया जाता है। विडंबना यह है कि सब कुछ देखते व जानते हुए भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते।

#### शैक्षणिक कार्यों में रूचि नहीं

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत सिलौड़ी में भी कुछ ऐसा ही चल रहा है। जहां पर कहने को यहां की सरपंच पंचो बर्मन है लेकिन पंचायत के कार्यों का संचालन पंचो बर्मन के पति संतोष बर्मन के द्वारा किया जा रहा है। बताया जाता है कि



संतोष बर्मन सिलौड़ी संकुल में जनशिक्षक के पद पर पदस्थ है। पंचायतों के पंचों सहित ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच पति का अपने मूल दायित्वों से ज्यादा पंचायत के कार्यों में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई जाती है। शासन द्वारा जो भी कार्यक्रम किये जाते है उसमें सरपंच पति की मौजूदगी आसानी से देखने को मिल जाती है। सूत्रों ने बताया कि पंचायत भवन में जो कक्ष सरपंच के लिये आवंटित है उसमें भी जनशिक्षक संतोष बर्मन ही बैठते है। इसके इतर वे कभी कभार ही स्कूल जाते है। अधिकांश समय उनका पंचायत में ही गुजरता है।

जनशिक्षक पर बच्चों का जीवन संवारने का जिम्मा है उसके द्वारा ही नियमों को ताक पर रखकर अपनी पत्नी के कार्यों को सरपंच की भूमिका में किया जा रहा है जिससे बच्चों का भविष्य अधर में है। जनशिक्षक होने के नाते उनका दायित्व है कि वह संबंधित स्कूलों की लगातार मानिटरिंग करें लेकिन उनके द्वारा ग्राम पंचायत सिलौड़ी में सरपंच का काम किया जा रहा है। इसके अलावा अधिकांश पंचायतों में सिलौड़ी जैसे हाल है और जहां भी महिला सरपंच है उन पंचायतों का संचालन उनके पति द्वारा किया जा रहा है या उनके सगे संबंधियों के द्वारा किया जा रहा है।

#### दोहरी भूमिका में सरपंच पति

ग्रामीणों का कहना है कि जनशिक्षक का शैक्षणिक व अपने शासकीय दायित्वों के इतर राजनैतिक क्षेत्र में ज्यादा रहता है। है। शासन द्वारा प्रतिमाह भारी भरकम वेतन दिया जा रहा है लेकिन उक्त जनशिक्षक सिलौड़ी सरपंच की भूमिका में काम कर रहे है। ऐसे में सरकार द्वारा महिलाओं को जो आरक्षण दिया जा रहा है उसका कोई औचित्य साबित नहीं हो रहा है । ग्रामीणों का तो यह भी आरोप है कि नेताओं का संरक्षण है।

#### कार्यवाही का है प्रावधान

विदित हो कि यदि पंचायत में महिला सरपंच है और उक्त पंचायत का संचालन और पंचायत की बैठकों में महिला सरपंच के स्थान पर उसका पति या कोई अन्य सगे संबंधी शामिल हो रहे है तो संबंधित सरपंच के विरुद्ध मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 में पंचायत पदाधिकारियों को हटाये जाने का प्रावधान निहित किया गया है। कुछ समय पूर्व ही इस संबंध में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समस्त कलेक्टरों को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है और ऐसे मामलों में अतिशीघ्र कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में सीईओ ढीमरखेड़ा यजुवेन्द्र कोरी का कहना है कि इस विषय की शिकायत की जानकारी प्राप्त हुई है एपीओ के द्वारा जांच के लिए मैंने पत्र जारी कर दिया है।

## शिकायतों के निराकरण में कटनी टॉप टेन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले मे कटनी जिला प्रथम समूह के जिलों की सूची में टॉप टेन अग्रणी जिलों मे शामिल है। शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण मे जिले ने 71.57 वेटेज स्कोर हासिल कर आठवॉ स्थान हासिल किया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने विभागों के अधिकारियों को सी.एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ कारगर पहल करनें की हिदायत दी है। जिले को फरवरी माह में प्राप्त कुल 6771 शिकायतों में से 41.54 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

#### कलेक्टर ने दी शाबाशी

कलेक्टर श्री प्रसाद ने सी.एम हेल्पलाइन की बुधवार को जारी ग्रेडिंग में प्रथम समूह के 26 जिलों में ए ग्रेड के साथ कटनी जिले के पुलिस विभाग को प्रथम स्थान अर्जित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरे अमले को शाबाशी दी है। श्री प्रसाद ने भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ काम करने निर्देशित किया है। पुलिस विभाग ने 83.3 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है और 50.7 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है। जबकि जिला पंचायत कटनी समस्याओं के निराकरण के मामले में 83.78 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित कर अपनें समूह मे पांचवे स्थान पर है। जिला पंचायत कटनी ने 50.64 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टि से शिकायतों के निराकरण किया है। नगर निगम कटनी ने समस्याओं के निपटारे के मामले मे 85.35 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है। नगर निगम द्वारा 49.14 वेटेज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

## खबर संक्षेप

### डंपर और मोटर साइकिल की भिड़ंत,1 की मौत

**नौगांव।** बीती रात थाना क्षेत्र के सिगरावन कला के पास डंफर और मोटर साइकिल की भीषण टक्कर हुई जिसमें मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जय हिन्द राजपूत पिता राधाचरण राजपूत उम्र 38 वर्ष निवासी सगुनिया थाना अजनर जिला महोबा को किसी काम से बस से छतरपुर गया था वहां से लौटकर जय हिंद नौगाँव आया और उसने अपने साथी को नौगाँव छोड़ा इसके बाद वह अपने गांव सगुनिया जाने के लिए निकला उसके मन मे बिचार आया कि नेंगुवा वार्डर पर चैकिग लगी होगी।

### सभी शस्त्रधारियों के लाइसेंस चुनाव तक निरस्त



**अमानगंज।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान कमजोर वर्ग के मतदाताओं को भय मुक्त होकर मतदान करने एवं निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से संचालित होने और उसमें कोई बाधा ना आए इसके लिए जिला कलेक्टर पन्ना ने जिला के समस्त शास्त्रधारियों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं और शस्त्रों को पुलिस थाना में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके संबंध में अमानगंज पुलिस थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया ने थाना क्षेत्र के समस्त शस्त्रधारियों को शीघ्रता से पुलिस थाने में अपने शस्त्र थाने में जमा करने एवं विधिवत पावती लेने की अपील की है।

### अमानगंज पक्की सड़क निर्माण प्रारंभ



**अमानगंज।** नगर परिषद अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 में अंधरखुआ चौक से गुनौर रोड तक रोड निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। उक्त कार्य के के कंस्ट्रक्शन नागौद द्वारा किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य की कुल लागत 72 लाख रुपए बताई गई है। इस रोड में 12 फीट की बी टी रोड एवं दोनों तरफ शोल्डर 5 फीट प्रस्तावित है नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक वार्ड पार्षद मिथिलेश ब्रजेश राजपूत के साथ निर्माण कार्य का मौका मुआइना किया तथा ठेकेदार को गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन 22 मार्च को

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन 22 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में किया जाएगा। रेण्डमाईजेशन उपरांत मशीनों को विधानसभावार अलग कर विधानसभा के लिए निर्धारित स्ट्रांग रूम हेतु ऑनलाइन रिसीव की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मशीन शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के स्ट्रांग रूम में भौतिक रूप से शिफ्ट की जाकर भण्डारित की जाएगी। उक्त सभी कार्यवाहियों के दौरान राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### भाजपा के पूर्व पार्षद संदीप तिवारी का निधन

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व भाजपा नेत्री स्वर्गीय श्रीमती उषा तिवारी के ज्येष्ठ पुत्र , पन्ना नगर पालिका की उपाध्यक्ष भाजपा नेत्री श्रीमती स्नेह लता पाराशर, भाजपा नेता आशीष तिवारी रिंकू, आकाश



तिवारी के बड़े भाई संदीप तिवारी पूर्व पार्षद का आज दिनांक 21 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे अचानक हृदयघात होने के कारण दुखद निधन हो गया है। संदीप तिवारी काफी मिलनसार और समाज सेवक व्यक्तित्व के धनी थे। श्री तिवारी का आज दिनांक 21 मार्च 2024 को देवेंद्र नगर के मुक्तिधाम में शाम अंतिम संस्कार किया जाएगा। श्री तिवारी के दुखद निधन होने पर देवेंद्र नगर क्षेत्र के गण नागरिकों पत्रकार बंधु समाजसेवियों, राजनेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### मेंटनेस के नाम पर पैसे खर्चने के बाद नहीं होती सही व्यवस्था

# बिजली के झूलते तारों से खतरा शार्ट सर्किट से जल रही फसलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार। ग्रामीण इलाकों में किसान की मेहनत खेतों में तैयार फसल के रूप में पककर लहलहा रही है। खून पसीने से सींच कर तैयार हुई गेहूं की फसल को किसान सजोने की तैयारी में जुटा है। ऐसे में खेतों से होकर गुजरने वाली जर्जर विद्युत सप्लाई लाइन के तार तैयार फसल के लिए काल बने नजर आ रहे हैं। तेज हवा चलने पर यह झूलते लटकते तार आपस में टकराकर स्पार्किग करने लगते हैं। खेतों में टूट कर गिरने वाली सप्लाई लाइन के तार खेतों में खड़ी फसल को जला कर चौपट कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी बिजली विभाग की तरफ से जर्जर तार को न तो बदला जा रहा है और न ही टाइट कर दुरुस्त बनाया जा रहा है।





#### शाखा में टूट कर गिरा बिजली लाइन का तार

नोहटा विद्युत वितरण केंद्र के ग्राम शाखा में बिजली सप्लाई लाइन का तार टूट कर गिरने से पिंटू दुबे के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। गनीमत रही की यह हादसा खेतों करते वक्त घटित हुआ और गेहूं के खेत में आज की लपटे उठते देख 25 से 30 ग्रामीण आग बुझाने टूट पड़े। पेड़ों की गली झाड़ियां से आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पा लिया गया। लेकिन इससे पहले लाखों की फसल जलकर खाक हो गई।

ह जिले के सुर्खी उमरिया ग्राम पंचायत लुहर्रा खेत से निकली बिजली लाइन में स्पार्किग होने की वजह से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। गनीमत रही खेतों के पास श्मशान घाट में चल रहे कार्य को देखने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच महेश उपाध्याय, गोलू चौबे, दयाराम अहिरवार, अनु विश्वकर्मा, रामचरण पटेल, महेंद्र सिंह साथियों ने जैसे ही खेत में आग लगी देखी और आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। गीली झाड़ियों को मार मार कर मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। सैकड़ो एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल को आग से बचा लिया गया। स्पार्किंग से जिस खेत में आग लगी थी वह दमोह निवासी कोई बेग साहब का

## स्कूल में प्रथम परिचयात्मक बैठक संपन्न



**जबेरा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल जबेरा में माधव शिक्षा समिति के नव निर्वाचित सदस्यों की प्रथम परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला दमोह के संघ चालक डॉक्टर अश्विनी कुमार नामदेव एवं प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष रुपेश सेन, उपाध्यक्ष विनोद कुमार मलैया। सचिव रवि शंकर बाजपेई, सह सचिव अरुण कुमार बाजपेई, कोषाध्यक्ष बेनी प्रसाद नामदेव समिति के स्थाई सदस्य एडवोकेट पूरन दास प्रजापति, प्रदीप कुमार जैन एवं बलराम नामदेव द्वारा समस्त आचार्य व दीदियों का परिचय लिया गया एवं विद्यालय विकास की योजना पर सामूहिक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य रमेश कुमार साहू ने बैठक का संचालन किया। आचार्य टेक सिंह ठाकुर को दीप प्रज्जवलन मंत्र व मां सरस्वती की वंदना प्रारंभ की इसके पश्चात आचार्य देशराज सिंह लोधी के द्वारा सभी माधव शिक्षा समिति सदस्यों का तिलक लगाकर कर स्वागत किया गया व विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य दयाराम रैकवार के द्वारा कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया पर किया गया। इस दौरान समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

## प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जारी कार्यक्रम अनुसार मतदान संपन्न कराने कार्यक्रम जारी किया गया है। इसी संदर्भ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर मतदाता जागरूकता विधानसभा क्षेत्र 57-हटा के लिये रवाना किया गया, जिसे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, सहायक रिटर्निंग आफीसर हटा राकेश मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व मौजूद थे। मतदाता जागरूकता रथ में मेरा वोट, मेरा फैसला, जागरूक मतदाता, देश का हौसला, मतदान के लिये आपका नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है,मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र में से किसी एक को अपने साथ मतदान केन्द्र पर ले जाकर मतदान अवश्य करें, डॉक मतपत्र सुविधा के लिये 1950 पर कॉल करें अथवा अपने बीएलओ से संपर्क करें। जागरूक होकर करें मतदान, हर एक वोट है मूल्यवान का संदेश दिया गया है।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



**रनेह।** आगामी त्यौहार को लेकर आचार संहिता का पालन करते हुए त्यौहार मनाने थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। होली, ईद-उल-फितर के साथ ही त्योहार शांति भाईचारे से मनाने चर्चा की गई। थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने गणमान्य नागरिकों से त्यौहार की परंपरा पर विस्तार से जानकारी देते हुए त्यौहार शालीनता से मनाने अपील की। उपस्थित नागरिकों ने कहा त्योहार परंपरा अनुसार भाईचारे से मनाए जाएंगे, मगर पुलिस की नियमित गस्त और आसामाजिक तत्व एवं शराबियों पर पुलिस को नजर रखनी पड़ेगी। थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने सभी के सहयोग के साथ त्योहार पर पुलिस आवारा तत्वों पर लगाम लगा कसेगी। बैठक में ग्राम एवं थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधियों के साथ ही पुलिस स्टाफ की मौजूदगी रही।

### शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुँचे दमोह

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए संभागायुक्त सागर संभाग सागर डॉं वीरेन्द्र सिंह रावत एवं डीआईजी सागर सुनील कुमार जैन शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह पहुँचे। उन्होंने यहा लोकसभा निर्वाचन हेतु स्ट्रांग रूम, कॉलेज परिसर सहित अन्य जगहों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, उप-जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम आर एल बागरी, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## होलिका पर्व के नजदीक आते ही पलाश के फूल जंगल की बढ़ा रहे खूबसूरती

बनवार। वसंत ऋतु के बीतने व होलिका पर्व के नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश के फूल चारों ओर दिखाई देने लगे हैं। पेड़ों पर पलाश के फूलों की बहार



छाई हुई है, जिससे वातावरण का सौंदर्य बढ़ने लगा है। खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। हालांकि रंग उत्सव के लिए चंद दिन शेष है। लेकिन प्रकृति ने इसकी तैयारी वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही कर ली थी। ग्रामीण क्षेत्र में टेसू के फूल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगे हैं। मलखान रामशंकर बबलू ने बताया आज भले ही हमें केमिकल युक्त रंग, गुलाल से होली पर्व मनाते हैं, लेकिन एक समय था, जब पूर्वज पलाश के फूल से ही होली खेला करते थे। पलाश के फूल को होली के लिए एक दिन पहले एकत्रित कर उसे मिट्टी के पात्र में रखकर गर्म करते थे। इससे प्राकृतिक रंग तैयार होता था। पलाश औषधीय गुणों से भरपूर होता है। पलाश के पेड़ की छाल को उबालकर सेवन करने से पथरी और यकृत रोग दूर होते हैं। व्यवसाय उपयोगी पलाश के तने के रेशे से बनी रस्सी काफी मजबूत होती है। इसके छेबला पलाश पत्ते से दोने व पत्तल बनाए जाते थे। पूर्व में ये लोगों की आजीविका के प्रमुख साधन रहे हैं।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**हिंडोरिया।** पुलिस अधीक्षक दमोह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी पथरिया रघु केसरी के आदेशानुसार थाना हिंडोरिया प्रांगण में हिन्दू भाईयों के होली , धुडेरी एवं मुस्लिम भाईयों के रमजान को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे शासन द्वारा इन त्योहारों को लेकर निर्धारित गाइडलाइन के संबंध में गणमान्य नागरिकों को अवगत कराया गया। सभी ने पर्व आपसी सदभाव एवं परंपरागत ढंग से मनाने का निर्णय लिया।बैठक मे नायाब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, थाना प्रभारी अमित गौतम , सीएमओ गजेन्द्र सिंह सहित पुलिस स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

## पारसनाथ महिला जैन मिलन टंडन बगीचा शाखा की बैठक सम्पन्न

**दमोह।** इस माह की मासिक बैठक का आयोजन वीरांगना ममता जैन के निज निवास पर आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरुवात महावीर प्रार्थना से हुई। इस बैठक में विभिन्न बातो पर निर्णय लिए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारी, होली मिलन समारोह शाखा की सभी वीरांगनाओं का इस वर्ष का विदाई समारोह।



सर्वप्रथम इस वर्ष के नए पदाधिकारियों के बारे में निर्णय लिया। जिसमे नए अध्यक्ष के पद पर वीरांगना रेखा जैन, मंत्री वीरांगना ममता और सह मंत्री वीरांगना पुस्पलता जैन, कोषाध्यक्ष वीरांगना सपना, सह कोषाध्यक्ष मंत्री वीरांगना श्रद्धा जैन, प्रचार मंत्री वीरांगना अमिता, सह प्रचार मंत्री वीरांगना निधि सराफ, सांस्कृतिक मंत्री वीरांगना सारिका, सह सांस्कृतिक मंत्री वीरांगना सविता के लिए सबके सहयोग से निर्णय लिया गया। गत वर्ष में किए गए कार्यों के लिए शाखा की सभी वीरांगनाओं को शाखा के द्वारा सम्मानित कर विदाई समारोह मनाया। अंत में होली मिलन का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का आभार वीरांगना अर्चना जैन जी ने व्यक्त किया। नए पदाधिकारियों के लिए बधाई दी। इस बैठक में शामिल वीरांगनाएं सरिता, प्रीति, अर्चना, सुरभि, सारिका, आयुषी, संगीता बजाज, संगीता आदि वीरांगनाओं की उपस्थिति रही।

## त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**मड़ियादो।** पुराना थाना परिसर मड़ियादो में थाना प्रभारी बृजेश पांडे के द्वारा आगामी त्यौहार होली , रंगपंचमी और ईद उल फितर पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ होली उत्सव समिति के आयोजक एवं डीजे संचालक की मौजूदगी रही। बैठक में थाना प्रभारी ने संबोधित करते कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए हमें समस्त पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से सभी त्योहार मनाना है। साथ ही विशेष रूप से आचार संहिता का उल्लंघन ना करते हुए डीजे संचालकों को डीजे ना बजाने की हिदायत दी गई। वही उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया की कस्बे के कटरा मुहल्ला में बड़ी होलिका का दहन किया जाएगा। इसके अलावा धनुषधारी मंदिर में आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए रंग पंचमी आयोजन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कमलेश चौदहा, अभिषेक जैन, प्रिंसदीप खटीक, गुड्डा पुरानी, गुड्डु सेलट अशोक पाठक, विष्णु सोनी, रामकरण अहिरवार, मिथुन अहिरवार, भवानी लंबरदार,गफ्फार पठान, हनीफ अली, अयूब पठान रत्तू आदिवासी आदि उपस्थित रहे।

## मानक संचालन प्रक्रिया समिति का किया गया गठन

**दमोह।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों एवं व्यय संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया समिति का गठन किया हैं। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी होंगे तथा पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, वाणिज्यकर अधिकारी एवं ड्रग्स इंस्पेक्टर (CMHO) समिति के सदस्य होंगे।

## विश्व क्षय दिवस के अंतर्गत दस नए निक्षय मित्र बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बैक के मार्गदर्शन में विश्व क्षय दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गरीब टीबी मरीजों को गोद लेने वाले दस नए नि- क्षय मित्र बनाए गए है जो 6 माह तक पौष्टिक आहार टीबी मरीजों को प्रत्येक माह इलाज होने तक उपलब्ध कराएंगे। नए नि- क्षय मित्र क्रमशः वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं पूर्व जिला क्षय अधिकारी डॉ. रघुनंदन चिले, जिला स्वास्थ अधिकारी डॉक्टर रीता चटर्जी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुधा राय, मीडिया अधिकारी चंद्रशेखर पांडे, डी. ओ. खाध सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल, जिला



कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम अनिल कटारे, साईं आशीष स्वयं सेवी संस्था एवम उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वास्थ्य महिला समिति,दमोह की सचिव वर्षा शुक्ला के द्वारा दो टीबी मरीजों को डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन की उपस्थिति में फूड बास्केट का वितरण किया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि 24 मार्च विश्व क्षय दिवस के अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जिसमें दस नए नि- क्षय मित्र, जो गरीब टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार राशन प्रति माह इलाज पूरा होने तक प्रदान करेंगे।

## विश्व डाउनसिंड्रोम दिवस पर जांच शिविर सम्पन्न

**दमोह ।** 21 मार्च को विश्व डाउनसिड्रोम दिवस के अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में जिला अस्पताल के डीईआईसी में जांच शिविर आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया की आरबीएसके टीम द्वारा 62 चिहिंत बच्चों को शिविर में बुलाकर हार्ट, नेत्र, दंत, श्रवण जांच, फीजियोथेरेपी जांच, ब्लड टेस्ट, थयराईड टेस्ट, बीपी, सुगर, ईसीजी, मानसिक जांच व अन्य विशेषज्ञ जांच की सुविधा बच्चों को दी गई है। डॉ राजेश नामदेव ने बताया की डाउनसिंड्रोम एक जन्मजात दोष है, इस प्रकार के दोष को समय पर उपचार व काउंसलिंग से ठीक किया जा सकता है। शिविर में डॉ. जलज बजाज ने सभी बच्चों में कमियां को चैक कर संबंधित जांच विभाग को भेजकर जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ दिया। उन्होंने बताया की डाउनसिंड्रोम



दोष के रोगियो को विशेष जांच एवं देखरेख की आवश्यकता होती है, ऐसे रोगियों को समाज में सम्मान के साथ जीवन जीने का मौका मिलना चाहिये। शिविर में मुख्य रूप से डॉ. राजेश नामदेव, डॉ. जलज बजाज, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ नितिन सेन, डॉ शरद अठ्या, नेत्र चिकित्सक डॉ आशुतोष पटेल, प्रशांत रोहित, डॉ. गीता वर्मा, डॉ अरती पटेल, डॉ. अवधेश सिंह, डॉ सौरभ जैन, डॉ बसंत लोडकर, डॉ अखलेश पटेल, डॉ जुगराज पटैल, संदीप पटेल, डॉ रजनीश गांगरा, डॉ प्रीति ठाकुर, मकसूद खान, नरेश राठौर, नवप्रकाश जैन, शुभम राठौर, नरेन्द्र व अजय का विशेष सहयोग रहा।

## छत्रसाल महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के द्वारा 20 यूनिट रक्तदान

**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एसपीएस परमार के आदेशानुसार मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के प्रयोजन में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ एम.के. शुक्ल के नेतृत्व में रेड रिबन क्लब की टीम के द्वारा जिला चिकित्सालय पन्ना के सहयोग से आज दिनांक 21.3.24 को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के मुख्य भवन परिसर में किया, जिसमें कुल 20 यूनिट रक्तदान किया गया। उक्त शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा में भागीदारी के लिए डॉ मनोज कुमार शुक्ल, डॉ रजनीश चौरसिया, संजय कुमार सिंघानिया, सूर्य प्रताप सिंह, ममता मिश्रा, सुरभि त्रिपाठी, महेंद्र यादव, प्रियंका गोस्वामी, प्रकृति राय, लवली अहिरवार, प्रभा देवी अहिरवार, देवेश मिश्र, धीरेंद्र कुमार अहिरवार, कृष्ण प्रताप सिंह, गया प्रसाद चौधरी, आकाश अहिरवार, आयुष मिश्र, करुणा लखेरा, गौतम कुशवाहा तथा देवेंद्र पटेल ने रक्तदान किया। शिविर के शुभारंभ में डॉ पीपी मिश्रा, डॉ जेके वर्मा, डॉ एस के पटेल, डॉ एसके त्रिपाठी, डॉ. बी एन जायसवाल एवं डॉ. सचिन गोयल एवम् महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ मनोज कुमार शुक्ल तथा डॉ कविता परवंदा के साथ रासेयो स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभाग किया।

## खबर संक्षेप

### ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन संपन्न

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही.पी.ए.टी. का प्रथम रेण्डमाईजेशन आयोग के द्वारा अधिकृत ई.व्ही.एम. मैनेजमेंट सिस्टम EMS 2.0 से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। ई.व्ही.एम. मैनेजमेंट सिस्टम EMS 2.0 से प्रथम रेण्डमाईजेशन राउंड नम्बर पर सभी उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा सर्व सम्मति दिये जाने पर रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया को अंतिम रूप से पूर्ण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, ए.आर.ओ. दमोह आर.एल.बागरी, ए.आर.ओ. पथरिया महेन्द्र गुप्ता, ए.आर.ओ. तेन्दूखेड़ा अविनाश रावत, ए.आर.ओ हटा राकेश मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### नवमी में प्रवेश हेतू छात्रों को सीटों की कमी नहीं

**दमोह।** जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने बताया कि दमोह शहरी क्षेत्र के कक्षा आठवी पास होने वाले सभी बालकों को शासकीय विद्यालयों में कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु पर्याप्त सीट उपलब्ध हैं। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया शहरी क्षेत्र में कक्षा नवमी में सत्र 2023 -24 में 8 शासकीय विद्यालयों में 358 छात्रों ने प्रवेश लिया था, शहरी क्षेत्र के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में कक्षा नवमी में प्रवेश सीधे न होकर शासन द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। दमोह शहरी क्षेत्र में बालकों के प्रवेश के लिए शासकीय वीर दुर्गादास हाई स्कूल में 80, महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 240, शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 80 एवं शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 80 स्थान उपलब्ध हैं, इस प्रकार शहरी क्षेत्र में नवमीं में बालकों के प्रवेश हेतु कुल 480 स्थान उपलब्ध हैं ।

### 2 वारंटियों को जबेरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जबेरा।** वर्ष 2017 में एक्सीडेंट के मामले में जबेरा बस स्टैंड पर चक्का जाम किया था जिसमें जबेरा थाना में धारा 341,147 के अंतर्गत दो अपराध पंजीकृत किए गए थे। वर्तमान लोकसभा चुनाव ब आगामी त्यौहार को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, एसडीओपी देवी सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में स्टाप के द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी राजेश अहिरवार, बेडी अहिरवार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उक्त आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया। आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, प्रधान आरक्षक प्रवीणसेन,संतोष खरे आरक्षक राजकुमार धुर्वे,गौरव शुक्ला सौरभ पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सायलो केन्द्र में रखा हजारों क्विंटल गेंहू निकालकर आखिर कहां किया जा रहा खपत

# देखरेख के अभाव में खुले में पड़ा शासन का हजारों क्विंटल खराब गेंहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



किसान एक-एक दाना अनाज पैदा करनें के लिए कितनी मेहनत करता है चाहे चिलचिलाती धूप हो या ठंड वारिस का मौसम हो दिन रात मेहनत कर अन्न उगानें में लगा रहता है और उसी अन्न को उगानें में किसान कितनी परेशानियों का सामना करता है यह न तो सरकार को अहसास रहता है और न ही लाखो रूपया लेनें वाले सरकारी तंत्र और कमीषन बाजी का खेल खेलनें वाले व्यक्तियो को इसका अंदाजा नहीं होता जिसके चलते सालों में करोड़ो रू. का अनाज सड़ा गला पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसा ही नजारा हटा तहसील के हिनौता में बने सायलो केन्द्र पर देखनें को मिल रहा है जहां पर सायलो बैग में भंडारित हजारों क्विंटल गेंहू सड़ गया और खुले आसमान के नीचे गेंहू के सड़ने से चारो ओर बदबू फैल रही है।

हटा तहसील के हिनौता नकटी पर बनाएं गये सायलो उपार्जन केन्द्र में देखा जाए तो कई टन गेंहू सड़ गया है जिसका मूल कारण सायलो बैग का सही तरीके से देखरेख न होना सामने आ रहा है। वही विगत चार माह से सायलो केन्द्र में रखे हुए अनाज का लगातार परिवहन चल रहा है जो सड़ चुका है वह खुले में पड़े ढेरो में नजर आ रहा है जिसमें करीब अनुमानित 30 हजार क्विंटल खराब होना सामने आ रहा है। वही एफसीआई वाले गेंहू के परिवहन में जुटे हुए है और कहां खपत की जा रही है इसमें अभी संशय की स्थिति बनीं हुई है।

#### खुले में पड़े गेंहू से आसपास के लोग बदबू से परेशान

जहां एक ओर शासन अनाज को सुरक्षित करनें के लिए करोड़ो रू.खर्च कर व्यवस्थाओं को बनानें में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ता तो दूसरी ओर उन्हीं व्यवस्थाओं को संभालने वाले अपने फायदे के पीछे लापरवाही कर शासन को करोड़ो रू. का चूना लगाने में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ते जिसका परिणाम भी यह सामने आ रहा है कि हिनौता नकटी में बनाए गये सायलो केन्द्र का खराब गेंहू गौ- शाला के पीछे ही खुले मैदान में ढेरो में पड़ा हुआ है जिससे आसपास के लोग बदबू से परेशान तो है ही साथ ही मवेशियों को भी इसके खानें से जान जाने का खतरा बना हुआ है लेकिन सायलो केन्द्र के जिम्मेदारों को यह सारा नजारा दिखाई नहीं दे रहा है वह तो आगामी गेंहू की खरीदी के लिए सायलो केन्द्र को दुरूस्त करानें में जुटे हुए है भले ही विगत वर्षों में शासन का करोड़ो का नुकसान क्यों न हुआ हो उन्हें तो अपनें लक्ष्य की पूर्ति करना है।

# ब्यारमा के तटीय खेतों में मगरमच्छ की चहलकदमी



**बनवार।** बनवार और झरौली गांव के बीचों बीच व्यारमा नदी से मिला मुहर नाला के तटीय खेतों में अक्सर मगरमच्छ बाहर आ जाने से किसानों में यहां खौफ का माहौल है। बनवार और झरौली के बीच व्यारमा नदी से लगे मोहर नाला के तटीय क्षेत्र में मगरमच्छ आने से परेशान हैं। व्यारमा नदी में कई मगरमच्छ मौजूद हैं। जो आए दिन बाहर निकल कर खेतों में चहलकदमी करते हुए दिखाई देते है जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों में दहशत का माहोल हैं। व्यारमां के नदी किनारे काम करने वाले किसानों को इस बारे में पहले से ही जानकारी है, जिसके चलते वह सतर्क रहते हैं। लेकिन एक मगरमच्छ नदी से निकलकर मोहर नाला में डेरा डाले हुए है बबलू खान ने बताया यहीं से किसानों के द्वारा नाला पार करने के लिए अस्थाई आवाजाही का रास्ता है और मगरमच्छ इसी नाले से निकलकर खेतों में पहुंच जाता है जो कभी भी किसानों अनजान बच्चो महिलाओं पर हमला कर सकता है इस डर से किसानों ने खेतो मे जाना बंद कर दिया है। किसानों का कहना है कि वह इस तरफ छोटे बच्चों और महिलाओं को नहीं लाते हैं, लेकिन किसी दिन जरा सी असावधानी से बड़ी घटना हो सकती है। लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि खेतिहर भूमि से बहने वाले नाले से मगरमच्छों को पकड़ा जाए और कहीं अन्यत्र स्थान नदी में छोड़ा जाए।

# कुंडलपुर में समारोह स्थल का हुआ भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में आगामी 16 अप्रैल को आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महामहोत्सव हेतु समारोह स्थल पर भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर राजेंद्र जैन वास्तु इंदौर ने भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया। पूज्य बड़े बाबा के चरणों में श्रीफल समर्पित कर पूजा अर्चना आज्ञा के पश्चात वास्तु विधान किया गया ।इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ, महोत्सव समिति के संयोजक वीरेश सेठ, ललित सराफ, अनिल मम्मा, राजेश चौधरी, रीतेश गांगरा, रेशु सिंघई महेश दिगंबर,अमित त्यागी, पुरुषोत्तम, सतीश ,नितिन भैया अनिल पुजारी आदि उपस्थित रहे।

### कमिश्नर, डीआईजी अन्य प्रशासनिक अधिकारी कुंडलपुर पहुंचे



**कुंडलपुर ।** सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आयोजित आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महामहोत्सव कार्यक्रम व्यवस्था को लेकर सागर कमिश्नर वीरेंद्र रावत, डीआईजी सुनील कुमार जैन, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी, एसडीएम राकेश मरकाम, एसडीओपी ,लोक निर्माण अधिकारी ,तहसीलदार मोहित जैन, थाना प्रभारी अमित मिश्रा के अलावा और भी अधिकारी गण के साथ कुंडलपुर कमेटी के पदाधिकारियों ने पूज्य बड़े बाबा के दर्शन किए, श्री फल अर्पित किया, छत्र चढ़ाया ,आरती की। कुंडलपुर कार्यालय में कार्यक्रम के संदर्भ में चर्चा कर समारोह स्थल का निरीक्षण किया ।

# दिगंबर संतों के लिए राजमार्ग बना अभाना



**बनवार।** इस समय अभाना की भूमि प्रतिदिन संतों के आगमन से धन्य हों रही है। आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की समाधि के उपरांत समस्त आचार्य संघ का विहार कुंडलपुर की ओर चल रहा है। अनेक स्थानों पर विहाररत मुनि संघों, आर्यिका संघों का विहार अभाना होते हुए कुंडलपुर हो रहा है। वही अभी नगर में विराजमान आर्यका रन्त 105 उपशांत मति माता जी के संसघ सानिध्य में श्री 1008 सिध्द चक्र महामंडल विधान का आयोजन हो रहा हैं। 22 मार्च को पूज्य मुनि श्री 108 सौम्य सागर जी महाराज ससंघ का भी भव्य मंगल प्रवेश अभाना में होना संभावित हैं संतों के आगमन से जहां समाज व नगर में उत्साह है। और संतों की मंगलमय वाणी का लाभ मिल रहा है व संतों के मंगल आहार का अवसर भी सबको मिल रहा है। व सभी संघो की मंगल आगवानी कर रहे हैं। अभाना जैन समाज के अक्षय जैन प्रांजल ने बताया कि यह अवसर वर्षों बाद नगर कों आया है, जब हम सब अनेक संतों का समागाम प्राप्त कर रहे हैं।

# बागेश्वर सरकार से मुलाकात कराने के नाम पर वसूली करने वाले फर्जी शिष्य का हुआ भंडाफोड़

**हटा।** देश विदेश में ख्याति प्राप्त बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जिनकी कथा व प्रवचनों में लाखों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं और उनसे एक क्षण मिलने के लिए हर कोई लालायत रहता है जिनकी तस्वीर व सेल्फी खिंचवाकर लोग सोशल मीडिया पर वायरल कर अपना नजदीकी बताने लगते हैं जिसका कुछ लोग जमकर फायदा उठाकर लोगों से मुलाकात के नाम पर लाखों रुपए ऐंड रहे हैं ऐसा ही कुछ मामला गुरुवार को सामने आया जहां बागेश्वर धाम सरकार द्वारा मंच से एक हटा क्षेत्र के दुबे द्वारा लोगों से मुलाकात करने के नाम पर पैसे ऐंठने का वीडियो जारी कर उक्त व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करने अपने शिष्यों को निर्देश दिए गए जो वीडियो सोशल मीडिया



पर जमकर वायरल हो रहा है। जारी वीडियो में बागेश्वर पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने बताया कि हटा क्षेत्र की कनकतला ग्राम निवासी बृजेंद्र उर्फ पप्पू दुबे नाम के व्यक्ति द्वारा पूर्व में कभी अपनी फोटो खिंचा ली होगी उसी फोटो को दिखाकर वह ग्राम व आसपास के लोगो को अपनी बातो में उलझाकर पं धीरेन्द्र शास्त्री से मिलानें की बात कर उन भोले-भाले लोगो से रूपये लेता था जिसकी जानकारी मिलते ही बागेश्वर पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा मंच के माध्यम से इसकी जानकारी दी गई और फर्जी तरीके से पैसा की उगाही करनें वाले के खिलाफ पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कहीं गई। उन्होंने वीडियो में आगे बताया कि बागेश्वर धाम में जानें व दिव्य दरबार के अलावा मुझे मिलने के लिए किसी भी प्रकार से कोई शुल्क नहीं लगता और हर कथा के माध्यम से बार-बार मंच से भी लोगो को बताया जाता है फिर भी लोग इन फर्जी लोगो के चंगुल में फंसकर अपना पैसों का नुकसान करा बैठते है। उन्होंने इस प्रकार गरीब भोले भाले भक्तों से मुलाकात के नाम पर रुपए वसूलने पर तत्काल एफआईआर करने की बात कही।

# एक कुआं के आश्रित 1500 परिवार

### पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा नल - जल योजना के लिए पाइपलाइन बिछाई गई लेकिन आज तक नहीं पहुंचा पानी

**मड़ियादौ।** मडियादौ कस्बा 10 दस हजार की आबादी वाला है जिसमें पीने के पानी को ग्रामीण दर-दर भटक रहें है। एक कुआं पर 1500 से अधिक परिवार टिके हुए है। जानकारी के अनुसार जिले की ग्राम पंचायत मडियादो



सबसे बड़ी पंचायत मानी जाती है जहां आज पीने के पानी के लिए कोई पुख्ता मजबूत इंतजाम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा नहीं किए गए हैं । जिससे लोगों को दिन-रात कड़ी मशक्कत के बाद पीने का पानी मिल पाता है। बात की जाए वार्ड नंबर 19-20 इंदिरा कॉलोनी व हरिजन बस्ती में इन दोनों पीने के पानी के लिए एक कुआं पर लगभग 1500 परिवार से ज्यादा लोग पीने के पानी जाना पड़ रहा है। आने वाले अधिक गर्मियों के दिनों में यह कुआं का पानी कुछ दिनों बाद समाप्त हो जाएगा तो इधर इंदिरा आवास कॉलोनी एवं हरिजन बस्ती के लोगों को लगभग तीन से चार किलोमीटर का सफर करके पन्ना टाइगर रिजर्व की गौमुख धाम में पहुंचकर पीने का पानी लाना पड़ता है। बता दें मडियादौ ग्राम पंचायत जिले में सबसे बड़ी पंचायत सबसे अधिक व्यय खर्च के रूप में राशि का उपयोग होता है जिसमें पंचायत की जिम्मेदारों द्वारा आज तक पीने के पानी का पुख्ता इंतजाम कोई भी वार्डों में मजबूती से नहीं है जो आज लोगों को इधर-उधर दिन-रात कड़ी मकसद के बाद पीने का पानी नसीब होता है।

#### इंदिरा आवास कॉलोनी में नल जल योजना से पाइपलाइन डाली, नहीं पहुंचा पानी

सरकार की लाखों रुपए खर्च करके ग्राम पंचायत मडियादौ ने नल - जल योजना के लिए इंदिरा आवास कॉलोनी वार्ड नंबर 19-20 में लगभग 5से6 पहले डाली गई थी जिसमें ना पानी भेजा गया और पाइपलाइन इधर-उधर की चोरों द्वारा उठा ली गई है जो आज तक पंचायत ने कहीं भी विभाग को इसकी शिकायत नहीं की है इसका कमी आज पीने के पानी के लिए लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इंदिरा आवास के ग्रामीणों की मांग है कि पीने की पानी की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा उचित तरीके से करवानी चाहिए ताकि हम लोगों को पीने का पानी मिल सके।

# शालीनता भाईचारे से मनायें होली सहित सभी पर्व

### थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



पुलिस थाना परिसर में होली पर्व शांति सदभाव से मनाने पुलिस अधीक्षक के विशेष निर्देश पर थाना प्रभारी अमित मिश्रा द्वारा शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बैठक में थाना प्रभारी श्री मिश्रा व तहसीलदार श्री शर्मा ने आचार संहिता एवं 144 धारा लागू होने की नसीहत देते हुये कहा कि जबरन रंग गुलाल न लगायें, होली जलाकर मटकाबाजी करते या किसी भी प्रकार से नशे में पाये जाने पर तुरंत कार्यवाही की जायेगी। उन्होने शांति कमेटी के सदस्यों से विशेषरूप से होली से जुडे लोगो को ये मैसेज देने की बात कही। उन्होने कहा कि आचार संहिता के चलते कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। जबरन चंदा वसूलने वाहन रोकने पर भी कार्यवाही के संकेत दिये। सदस्यों ने कानून व्यवस्था का पालन करने एवं पर्व को भाईचारे ने मनाने का आश्वासन दिया। नगर के वार्ड क्रमांक 13-14 में विशेष पुलिस व्यवस्था की बात पार्षदों ने रखी। बैठक में नगर परिषद द्वारा की जाने वाली व्यवस्थायें दुरूस्त रहेगी। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवार, हाजी शमशुद्दीन पहलवान, पत्रकार नरेन्द्र बजाज, विधायक निज सचिव कमलेश नामदेव, पार्षद पुष्पेन्द्र सोनी, हरप्रसाद चौरसिया, अंगद सींग, दयाशंकर चौबे, कमलेश जैन सरपंच, गोविन्द चौरसिया, अभिषेक सोनी, सतीश सैनी पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक बी एस हजारी, विजय चौबे, महेश उपाध्याय के साथ ही पुलिस के कर्मचारी सक्रिय रहे। नगर परिषद से नीलेश चौरसिया, नीलेश शुक्ला सित कमेटी के सदस्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रही।

#### धोखाधड़ी से बचे व पुलिस को तुरंत सूचना दें

थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने शांति कमेटी की बैठक के बाद सभी उपस्थित जनों को धोखाधड़ी से बचाव करने विशेष जानकारी दी। सावधान किया कि आभूषण चमकाने व आभूषण डबल करने के लोभ में न आयें व ऐसे लोगो के देखे जाने पर पुलिस को सूचना दे। उन्होने अन्य कई प्रकार के उदाहरण भी दिये व सभी से सतर्क रहने का अनुरोध किया।

# वेदी के निर्माण से निर्वाण की प्राप्ति होती : मुनि श्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वेदी का निर्माण करने वाला परंपरा से निर्वाण की प्राप्ति करता है। भरत चक्रवर्ती ने कैलाश पर्वत पर 72 जिनालय का निर्माण करवाया था। इसलिए परंपरा से उनको निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। भरत चक्रवर्ती और रावण दोनों के पास अतुल वैभव था किंतु रावण नरक गया जबकि भारत चक्रवर्ती को मोक्ष की प्राप्ति हुई। रावण नरक इसलिए गया क्योंकि उसने भोग उपभोग की सामग्री एकत्र की जबकि भरत चक्रवर्ती ने अपनी संपदा का उपयोग धर्म के कार्यों में मंदिर आदि के निर्माण में किया। इसलिए उन्हें निर्वाण की प्राप्ति हुई। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज ने जैन धर्मशाला में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान के चौथे दिवस अपने मंगल प्रवचनों में अभिव्यक्त किया इसके



पूर्व प्रतिष्ठाचार्य अनु भैया के निर्देशन में श्री जी के अभिषेक उपरांत शांति धारा की गई शांति धारा करने का सौभाग्य कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई के परिवार को प्राप्त हुआ। इस मौके पर अनेक श्रद्धालुगनों के द्वारा नन्हे मंदिर के मूल नायक पारसनाथ भगवान की मुख्य बेदी पर चांदी एवं सोने के कार्य हेतु दान रशि घोषित की गई। इस वेदि को आकर्षक बनाने के लिए कमेटी के द्वारा इसमें विशेष नक्काशी करने का निर्णय लिया गया है। महाआरती का सौभाग्य स्वधर्म इंद्र परिवार श्रीमती प्रभा नीपेंद्र बहादुर जैन को प्राप्त हुआ विधान में वसुंधरा नगर महिला मंडल की ओर से बड़ी मात्रा में द्रव्य सामग्री समर्पित की गई। इस मौके पर आर्यका गुरु मति माताजी ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि शुद्ध आत्मा की उपासना इस अविनाशी शरीर के साथ होती है। यह आत्मा अपने आत्म स्वरूप को ना पहचान कर अष्ट कर्म के अभाव में दर दर की ठोकर खाती है। आज के समय में श्रावक कुल तो विद्यमान है किंतु श्रावक धर्म विलोपित होता जा रहा है। श्रावक वही है जिसमें श्रद्धा विवेक एवं क्रिया जैसे गुण विद्यमान होते हैं।